# SHIKSHA CLASSES

**विषय : हिंदी 'ब'** **कुल अंक : ८०**

**कक्षा : १०(CBSE)** **Pre. Question Paper - 02** **समय : ३ घंटे**

| | **खंड - 'अ' (वस्तुपूरक प्रश्न)** | **अंक** |
|---|---|---|
| **प्र.१:** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए ।** | **१×५=५** |
| | दूसरे दिन देश के प्रसिद्ध पत्रों में यह विज्ञापन निकला कि देवगढ़ के लिए एक सुयोग्य दीवान की ज़रूरत है । जो सज्जन अपने को इस पद के योग्य समझें, वे वर्तमान दीवान सुजान सिंह की सेवा में उपस्थित हों । यह ज़रूरी नहीं कि वे ग्रेजुएट हों मगर हृष्ट-पुष्ट होना आवश्यक है । मंदाग्नि के मरीजों को यहाँ तक आने का कष्ट उठाने की कोई ज़रूरत नहीं । एक महीने तक उमेद्वार के रहन-सहन, आचार, विचार का अवलोकन किया जाएगा । विद्या कम परंतु कर्तव्य का अधिक विचार किया जाएगा । जो महाशय इस परीक्षा में पूरे खरे उतरेंगे वे इस उच्च पद पर सुशोभित होंगे । इस विज्ञापन ने सारे मुल्क में तहलका मचा दिया । ऐसा उँचा पद और किसी प्रकार की कैद नहीं ? केवल नसीब का खेल है । सैकड़ों आदमी अपना-अपना भाग्य परखने के लिए चल पड़े । देवगढ़ में नए-नए और रंग बिरंगे मनुष्य दिखाई देने लगे । | |
| १) | दूसरे दिन अखबार में विज्ञापन निकला देवगढ़ के लिए आवश्यकता हैं ।<br>क) सुयोग्य दीवान की     ख) सुयोग्य राजा की<br>ग) सुयोग्य सहायक की     घ) सेनापति की | १ |
| २) | पद के लिए आवश्यक था कि उमीद्वार -<br>क) ग्रेजुएट हो     ख) हृष्ट-पुष्ट हो<br>ग) प्रत्येक कार्य में निपुण हों     घ) धार्मिक कार्यों में पारंगत हो | १ |
| ३) | मंदाग्नि के मरीजों को सलाह दी गई -<br>क) अवश्य ही उपस्थित होने की ।     ख) वहाँ तक न आने की ।<br>ग) यथासंभव उपस्थित होने की ।     घ) अपना इलाज कराने की । | १ |

SHIKSHA CLASSES, BHANDARA

| | | |
|---|---|---|
| ४) | दीवान पद के लिए विचार किया जाना था, विद्या की अपेक्षा -<br>क) कर्तव्य पर । ख) योग्यता पर ।<br>ग) कर्तव्य और योग्यता पर । घ) धन की अधिक माँग पर । | १ |
| ५) | निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।<br>**कथन (A) :** सैंकडो आदमी अपना भाग्य परखने देवगढ़ की और चल पड़े ।<br>**कारण (R) :** दीवान जैसा उँचा पद और किसी प्रकार की कैद नहीं । केवल नसीब का खेल है ।<br>क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है ।<br>ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है ।<br>ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है ।<br>घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है । | १ |
| **प्र. २** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए ।** | **५ × १=५** |
| | विद्यार्थी जीवन ही वह समय है जिसमें बच्चों के चरित्र व्यवहार तथा आचरण को जैसा चाहे वैसा रूप दिया जा सकता है । यह अवस्था भावी वृक्ष की उस कोमल शाखा के समान है जिसे जिधर चाहे मोड़ा जा सकता है । विकसित वृक्ष की शाखाओं को मोड़ना संभव नहीं । छात्रावस्था उस श्वेत चादर की तरह है, जिसमें जैसा प्रभाव डालना, हो, डाला जा सकता है । सफेद चादर में जो एक बार रंग चढ़ गया, वह पूर्वावस्था को प्राप्त नहीं कर सकता । इसलिए प्राचीन काल में ही विद्यार्थी जीवन के महत्त्व को स्वीकार किया गया है । इसी अवस्था में अच्छे संस्कार और सद्वृत्तियाँ पोषित की जा सकती हैं । इसीलिए प्राचीन समय में बालक को घर से दूर गुरुकूल में रहकर कठोर अनुशासन का पालन करना पड़ता था । | |
| १) | व्यवहार को सुधारने का सर्वोत्तम समय कौन सा है ?<br>क) छात्रावस्था । ख) प्राचीन काल । ग) विकसित अवस्था । घ) पूर्वावस्था । | १ |
| २) | छात्रावस्था की तुलना विकसित पेड़ की शाखा से करना क्यों ठीक नहीं है ?<br>क) पेड़ की शाखा टूट जाती है। ख) शाखा बहुत भारी होती है ।<br>ग) विकसित पेड़ की शाखा मुड़ नहीं पाती ।<br>घ) शाखा तक आसानी से जाया जा सकता है । | १ |
| ३) | छात्रों को गुरुकूलों में क्यों छोड़ा जाता था ?<br>क) विद्यार्थी जीवन को समझा जा सके ।<br>ख) उनमें अच्छे संस्कार, सद्वृत्तियाँ पोषित हों ।<br>ग) कठोर अनुशासन का पालन करना सीखें ।<br>घ) अच्छा अभ्यास करना सीखें । | १ |
| | | |

SHIKSHA CLASSES, BHANDARA

| | | |
|---|---|---|
| ४) | विद्यार्थी जीवन सफ़ेद चादर के समान क्यों है ?<br>क) जैसा प्रभाव डालना हो, डाला जा सकता है ।<br>ख) एक बार प्रभाव पड़ने पर बदला नहीं जा सकता ।<br>ग) जितना प्रभाव डालना हो डाल सकते हैं ।<br>घ) छात्रों में विरोध । | १ |
| ५) | 'श्वेत शब्द का विपरीत होगा -<br>क) सयाम ख) श्याम ग) शाम घ) कृष्ण | १ |
| **प्र.३** | **निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।** | **१ × ४=४** |
| १) | हमेशा झूठ बोलनेवाले तुम, आज सच कैसे बोल रहे हो ? वाक्य में सर्वनाम पदबंध है ।<br>क) हमेशा झूठ बोलनेवाले तुम ख) बोलने वाले तुम<br>ग) सच कैसे बोल रहे हो? घ) हमेशा झूठ | १ |
| २) | स्नेहल कमरे में पढ़ रही है? रेखांकित पदबंध है ।<br>क) संज्ञा पदबंध ख) सर्वनाम पदबंध<br>ग) विशेषण पदबंध घ) क्रियाविशेषण पदबंध | १ |
| ३) | पढ़ते-पढ़ते सो गयी थी । रेखांकित पदबंध का भेद है ।<br>क) क्रिया ख) संज्ञा ग) क्रिया-विशेषण घ) पदबंध | १ |
| ४) | लड़का भागते-भागते फिसल गया । वाक्य में क्रियाविशेषण पदबंध बताइए ।<br>क) लड़का ख) भागते-भागते<br>ग) फिसल गया घ) भागते-भागते फिसल गया | १ |
| ५) | दीवार पर बैठी चिड़िया दाना खा रही थी । उचित पर्याय चुनिए ।<br>क) दीवार पर बैठी (विशेषण पदबंध) ख) चिड़िया (संज्ञा पदबंध)<br>ग) दीवार पर बैठी चिड़िया (क्रिया-पदबंध)<br>घ) खा रही थी । (संज्ञा पदबंध) | १ |
| **प्र.४** | **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।** | **१ × ४=४** |
| १) | निम्नलिखित वाक्यों में सरल वाक्य छाँटिए ?<br>क) सेहवाग गंभीर के साथ खेल रहा है । ख) जैसा बोओगे वैसा काटोगे ।<br>ग) सुबह हुई और पंछी उड़ गए । घ) ओंह ! कितना करूण दृश्य हैं । | १ |
| | | |

SHIKSHA CLASSES, BHANDARA

| | | |
|---|---|---|
| २) | रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद है !<br>क) दो ख) तीन ग) आठ घ) छह | १ |
| ३) | वह ऐसे चल रही थी, जैसे कोई बीमार चलता हो । वाक्य का प्रकार है -<br>क) सरल वाक्य ख) आज्ञावाचक वाक्य<br>ग) मिश्र वाक्य घ) संयुक्त वाक्य | १ |
| ४) | सूर्योदय हुआ तब कुहासा जाता रहा । वाक्य का मिश्र रूपांतरण होगा -<br>क) सूर्योदय होतेही कुहासा जाता रहा । ख) सूर्योदय होने पर कुहासा जाता रहा ।<br>ग) जब सूर्योदय हुआ तब कुहासा जाता रहा ।<br>घ) सूर्योदय होने के साथ कुहासा चला गया । | १ |
| ५) | निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य छाँटकर लिखिए ।<br>क) तुम्हारे जाते ही वह बाहर चला गया। ख) तुम बाहर गए और वह भी चला गया ।<br>ग) तुम बाहर गए थे, तब वह भी बाहर चला गया ।<br>घ) तुम बाहर गए थे, तभी वह भी बाहर चला गया । | १ |
| **प्र.५** | **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।** | **१ × ४=४** |
| १) | निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए ।<br>i) अल्पबद्धि i) द्वंद्व समास<br>ii) कमलनयन ii) तत्पुरूष समास<br>iii) दाल-चावल iii) कर्मधारय समास<br>iv) चौराहा iv) द्विगु समास<br>उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सुमेलित है ।<br>क) iii और iv ख) i और iii<br>ग) i और iv घ) ii और iv | १ |
| २) | 'चतुर्भुज' में कौन सा समास है?<br>क) कर्मधारय ख) तत्पुरूष ग) अव्ययीभाव घ) बहुव्रीहि | १ |
| ३) | 'परम है जो आनंद' का समस्त पद है- ।<br>क) परम आनंद ख) परमाआनंद ग) परमनंद घ) परमानंद | १ |
| ४) | निम्नलिखित में किस समस्तपद में तत्पुरूष समास है ?<br>क) घुड़स्वार ख) महात्मा ग) कमलनयन घ) सत्धर्म | १ |
| ५) | निम्नलिखित 'समस्तपद' नीलकंठ का विग्रह और भेद का सही विकल्प चुनकर लिखिए ।<br>क) नील है जो कंठ - कर्मधारय समास ख) नीला कंठ है जिसका - बहुव्रीहि समास<br>ग) नीले रंग का कंठ - तत्पुरूष समास घ) नीले रंग और कंठ - द्वंदव समास | १ |
| | | |

SHIKSHA CLASSES, BHANDARA

| | | |
|---|---|---|
| **प्र.६** | **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित निम्नलिखित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों मे से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।** | **१ × ४=४** |
| १) | यदि मनुष्य चाहे तो कठिन से कठिन कार्य भी पूरा कर सकता है, क्योंकि ------।<br>क) जहाँ चाह वहाँ राह । ख) जितना मुँह उतनी बातें ।<br>ग) खरी मजूरी चोखा काम । घ) जब तक साँस तब तक आस । | १ |
| २) | 'अंग-अंग ढ़ीला होना' मुहावरे का सही अर्थ है -<br>क) सुस्ती छा जाना । ख) बीमार होना ।<br>ग) भूख लगने पर व्याकुल हो जाना । घ) बहुत थक जाना । | १ |
| ३) | बहादुर सैनिकों ने दुश्मन सेना के ------ दिए ।<br>उचित मुहावरे से रिक्त स्थान भरिए ।<br>क) कान भरना । ख) आँखे दिखाना । ग) जवाब देना । घ) छक्के छुड़ाना । | १ |
| ४) | सोहन को पुस्तक पढ़ाना व्यर्थ है, क्योंकि उसके लिए तो ------ ।<br>उचित मुहावरों से रिक्त स्थान भरिए ।<br>क) बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद ख) काला अक्षर भैंस बराबर<br>ग) नाच न जाने आँगन टेढ़ा घ) एक अनार सौ बीमार | १ |
| ५) | जादूगर के कमाल देखकर दर्शक ------------ ।<br>क) चौंक गए ख) मंत्रमुग्ध हो गए ।<br>ग) उत्साहित हुए घ) आनंदित हुए । | १ |
| ६) | 'दिल में बात बैठना' मुहावरे का अर्थ है ।<br>क) बात बुरी लग जाना ख) बीमार पड़ जाना<br>ग) गहरा प्रभाव पड़ना घ) किसी बातं को अच्छी तरह समझना । | १ |
| **प्र.७** | **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्पों का चयन कीजिए ।** | **५ × १=५** |
| | क्षुधार्त रंतिदेव ने दिया करस्थ थाल भी,<br>तथा दधीचि ने दिया परार्थ अस्थिजाल भी ।<br>उशीनर क्षितीश ने स्वमांस दान भी किया,<br>सहर्ष वीर कर्ण ने शरीर-चर्म भी दिया,<br>अनित्य देह के लिए अनादि जीव क्यो डरे?<br>वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।। | |
| १) | भूख से व्याकुल होते हुए भी किसने अपना भोजन भूखे व्यक्ति को दे दिया ?<br>क) कर्ण ख) रंतिदेव ने ग) दधीचि ने घ) इंद्रदेव ने | १ |
| | | |

SHIKSHACLASSES, BHANDARA

| | | |
|---|---|---|
| २) | 'अनादि जीव' का आशय है -<br>क) अमर जीव ख) नश्वर जीव ग) लुप्त जीव घ) पवित्र जीव | १ |
| ३) | दधीचि ने दूसरों के हित के लिए क्या किया?<br>क) जाल बनाकर दिया । ख) स्वमांस दान किया ।<br>ग) हड्ड़ियों का ढाँचा दान किया । घ) करस्थ थाल दे दिया । | १ |
| ४) | शरीर को अनित्य क्यों कहा गया है ?<br>क) शरीर प्रतिदिन नहीं बनता । ख) शरीर में प्रतिदिन बदलाव आता है ।<br>ग) शरीर नश्वर है । घ) शरीर अनादि है । | १ |
| ५) | कवि ने असली मनुष्य किसे कहा है ?<br>क) जो संसार को भाईचारे के भाव में बांधता है ।<br>ख) जो दूसरों की चिंता करता है ।<br>ग) जो दया और परोपकारी भाव रखता है ।<br>घ) उपर्युक्त सभी । | १ |
| **प्र.८** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए ।** | **१ × २=२** |
| १) | कबीर के अनुसार ज्ञानी नही बन पाया ?<br>क) मोती की पुस्तके पढ़नेवाला ख) मोटी पुस्तके पढ़नेवाला<br>ग) दूसरों को ज्ञान देनेवाला घ) अज्ञानी | १ |
| २) | मीरा हर रोज सुबह उठके किसके दर्शन करना चाहती है ?<br>क) श्रीराम के ख) अपने पति के<br>ग) श्रीकृष्ण के घ) पिता के | १ |
| **प्र.९** | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्पों का चयन कीजिए।** | **१ × ५=५** |
| | ग्वालियर से बंबई की दूरी ने संसार का काफी कुछ बदल दिया है । वर्सोवा में जहाँ आज मेरा घर है, पहले यहाँ दूर तक जंगल था । पेड़ थे, परिंदे थे और दूसरे जानवर थे । अब यहाँ समंदर के किनारे लंबी-चौड़ी बस्ती बन गई हैं । इस बस्ती ने न जाने कितने परिंदो-चरिंदों से उनका घर छीन लिया है । इनमें से कुछ शहर छोड़कर चले गए हैं । जो नहीं जा सके हैं उन्होंने यहाँ-वहाँ डेरा डाल लिया है । इनमें से दो कबूतरों ने मेरे फ्लैट के एक मचान में घोंसला बना लिया है । बच्चे अभी छोटे हैं । उनके खिलाने-पिलाने की जिम्मेदारी अभी बड़े कबूतरों की है । वे दिन में कई-कई बार आते-जाते हैं । और क्यों न आएँ-जाएँ आखिर उनका भी घर है । लेकिन उनके आने-जाने से हमें परेशानी भी होती है । वे कभी किसी चीज को गिराकर तोड़ देते हैं । कभी मेरी लाइब्रेरी में घुसकर कबीर या मिर्जा गालिब को सताने लगते हैं । इस रोज-रोज की परेशानी से तंग आकर मेरी पत्नी ने उस जगह जहाँ उनका आशियाना था, एक | |

SHIKSHA CLASSES, BHANDARA

| | | |
|---|---|---|
| | जाली लगा दी है, उनके बच्चों को दूसरी जगह कर दिया है । उनके आने की खिड़की को भी बंद किया जाने लगा है । खिड़की के बाहर अब दोनों कबूतर रात-भर खामोश और उदास बैठे रहते हैं । मगर अब न सोलोमेन हे जो उनकी जुबान को समझकर उनका दु:ख बाँटे, न मेरी माँ है, जो इनके दुखों में सारी रात नमाजों में काटे । | |
| १) | ग्वालियर से बम्बई तक बदलाव कैसे हुआ?<br>क) शहरों के द्वारा ख) जंगलों को काटकर<br>ग) जंगलों की जगह बस्ती बसाकर घ) नदियों का रास्ता बनाकर | १ |
| २) | समंदर के किनारे बस्तियाँ क्या दर्शाती हैं ?<br>क) विकास का रूप ख) बिल्डरों का लालच<br>ग) पक्षियों को बेघर करना घ) समुद्र की उदारता | १ |
| ३) | डेरा डालने का क्या अर्थ है ?<br>क) स्थाई निवास ख) अस्थाई निवास<br>ग) अशियाना बनाना घ) पड़े रहना | १ |
| ४) | लाइब्रेरी में क़बीर और मिर्जा गालिब को सताते हैं । से क्या तात्पर्य है ?<br>क) लेखकों को परेशान करना । ख) लेखकों को सोने न देना<br>ग) लेखकों की किताबों को गिरा देना । घ) कवि, लेखकों को सताते रहना | १ |
| ५) | निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।<br>**कथन (A) :** खिड़की के बाहर दोनों कबूतर रात-भर खामोश और उदास बैठे रते है ।<br>**कारण (R) :** उनकी जुबान समझने वाला, दु:ख बाँटने वाला कोई नहीं है ।<br>क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है ।<br>ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है ।<br>ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है ।<br>घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है । | १ |
| **प्र.१०** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए ।** | **१ × २=२** |
| १) | तताँरा और वामीरा के गाँव की क्या प्रथा थी ?<br>क) वर वधु एक गाँव के हो । ख) वर वधु अलग गाँव से हो ।<br>ग) वर वधु एक-दूसरे को जानते हो । घ) कोई नहीं । | १ |
| २) | फ़िल्म समीक्षक राज कपूर को किस तरह का कलाकार मानते थे ?<br>क) उम्दा ख) बेहतरीन<br>ग) आँखो से बात करनेवाला घ) कोई नही | १ |
| | | |

SHIKSHA CLASSES, BHANDARA

| | खंड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न) | |
|---|---|---|
| **प्र.११** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग ६० शब्दों मे लिखिए ।** | **३×२=६** |
| १) | गाँधीजी में नेतृत्व की अद्‌भुत क्षमता थी । उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । | ३ |
| २) | बढ़ती हुई आबादी का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पडा 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होनेवाले' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । | ३ |
| ३) | तताँरा-वामीरो की त्यागमयी मृत्यु से निकोबार में क्या परिवर्तन आया? | ३ |
| **प्र.१२** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग ६० शब्दों मे लिखिए ।** | **३×२=६** |
| १) | विरासत में मिली चीजों की बड़ी सँभाल क्यों होती है ? स्पष्ट कीजिए । | २ |
| २) | 'सर हिमालय का हमने न झुकने दिया' इस पंक्ति में हिमालय किस बात का प्रतीक है ? | २ |
| ३) | 'मनुष्यता' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते है । | २ |
| **प्र.१३** | **निम्नलिखित प्रश्नो में से किन्ही दो प्रश्नो के उत्तर लगभग ६० शब्दों में लिखिए।** | **३×२=६** |
| १) | 'सपनो के-से दिन' पाठ के आधार पर बताइए कि बच्चो को किस प्रकार स्कूल की और आकृष्ट किया जा सकता है ? | ३ |
| २) | हरिहर काका के मामलें में गाँव वालों की क्या राय थी और उसके क्या कारण थे ? | ३ |
| ३) | मित्रता मजहब से परे होती है, कैसे ? टोपी शुक्ला पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए । | ३ |
| **प्र.१४** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग १०० शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए ।** | **५×१=५** |
| **क)** | **भारतीय समाज में नारी का स्थान:**<br>* मध्यकाल की नारी * श्रद्धामयी नारी * पुरुष की सहयोगिनी * वर्तमान प्रगत नारी | |
| **ख)** | **समय बहुमूल्य है (बीता अवसर हाथ नही आता)**<br>* समय लौटता नही * उचित समय का लाभ लेना आवश्यक * कोई उदाहरण या सूक्ति | |
| **ग)** | **भारत की बढती जनसंख्या**<br>* देश की प्रगति और जनसंख्या * हानियाँ * सुझाव | |
| | | |

SHIKSHA CLASSES, BHANDARA

| | | |
|---|---|---|
| **प्र.१५** | आपके मोहल्ले में लावारिस / आवारा कुत्तोंकी संख्या बहुत ज्यादा हो गई है जिससे आने - जानेवाले लोगों को असुविधा होती है। अत: लोगो की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए  नगर निगम अधिकारी को एक पत्र १०० शब्दों में लिखिए । | **१×५=५** |
| | **अथवा** | |
| | बस में छूटे हुए सामान का पता लगाने के लिए दिल्ली परिवहन निगम के मुख्य प्रबंधक को एक पत्र १०० शब्दों में लिखिए । | |
| **प्र.१६** | आप विद्यालय की खेल परिषद के सचिव मोहन देशमुख है। आपके विद्यालय की हॉकी टीम चुनी जानी है जो खिलाडी इच्छुक है, वे १८ फरवरी २०२३ को शाम ५ बजे खेल के मैदान में उपस्थित रहे। हॉकी स्टीक उन्हे मैदान में उपलब्ध करवाई जाएगी । इस विषय पर सूचना ८० शब्दों में लिखिए ।<br>**अथवा**<br>आप अपने विद्यालय में एन.सी.सी. के छात्र प्रतिनिधि हैं । गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में हिस्सा लेने में इच्छुक छात्रों हेतु ८० शब्दों में सूचना तैयार कीजिए । | **४×१=४** |
| **प्र.१७** | बाजार में 'महेंद्र' पैन को लोकप्रिय बनाने हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए जिसमें उसके आकर्षक रूप, प्रवाह और सस्ते होने का वर्णन हो। (लगभग ६० शब्दो में)<br>**अथवा**<br>कुछ व्यक्तिगत कारणों से आपने अपने नाम में कुछ बदलाव किए हैं, उससे संबंधित लगभग ६० शब्दों में एक विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए । | **३×१=३** |
| **प्र.१८** | 'जहाँ चाह वहाँ राह' विषय पर १०० शब्दों में एक लघुकथा का लेखन कीजिए ।<br>**अथवा**<br>आप मेहुल/मनिषा मेहता है । आपको बँक मॅनेजर को नया पासबुक जारी करने के लिए ईमेल १०० शब्दों में लिखिए । | **१×५=५** |
| | * * * | |

SHIKSHA CLASSES, BHANDARA


BECOME AN ACE IN JEE & NEET
SHIKSHA CLASSES
Believe & Achieve
JEE | NEET | Previse (8-10)
8625055707 | 8623085707
shikshaclasses.co.in
M-19, MHADA Colony, Khat Road, Bhandara
Learn with Jaiswal sir